समाचार

एक सप्ताह के अंदर सभी लंबित टी.एल.प्रकरणों का अनिवार्य रूप से हो निराकरण – आयुक्त

(समयसीमा की बैठक में आयुक्त के कड़े तेवर, अधिकारियों को दिए निर्देश – समयसीमा में हो शिकायतों का निराकरण, अन्यथा तय होगी जवाबदेही)

कोरबा 11 मार्च 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि टी.एल. प्रकरणों, कलेक्टर जनचौपाल, सी.एम.जनचौपाल, पी.जी.एन.प्रकरण, पी.एम.ओ.पी.जी. प्रकरण सहित अन्य सभी लंबित समयसीमा के प्रकरणों का एक सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से निराकरण करावें, अन्यथा जवाबदेही तय कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लें, उन पर संतुष्टि पूर्ण निराकरण की कार्यवाही करें तथा अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों, अधिकारियों, अभियंताओं की बैठक लेकर टी.एल. प्रकरणों, जनशिकायतों, सी.एम.जनचौपाल व कलेक्टर जनचौपाल के साथ ही पी.जी.एन. प्रकरणों, पी.एम.ओ.पी.जी. प्रकरणों के निराकरण की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक के दौरान लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उन्होने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण एक सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से किया जाए, निर्धारित समयसीमा के बाद यदि प्रकरण लंबित रहते हैं तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होने कहा कि जसमस्याओं व शिकायतों से संबंधित प्राप्त पत्रों का निराकरण सर्वप्राथमिकता के साथ करें, साथ ही यह भी अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण रूप से निराकरण किया गया है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के उपायुक्त श्री पवन वर्मा को टी.एल. प्रकरणों का नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए निर्देशित किया कि वे जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्रकरणों का निराकरण करावें तथा कार्य प्रगति का प्रतिवेदन समक्ष में प्रस्तुत करें।

शेष बचे वरिष्ठजनों का बनेगा वयवंदन कार्ड – बैठक के दौरान आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 70 वर्ष व उसे अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठजनों जिनके वयवंदन कार्ड बनाना अभी शेष है, उन सभी के वयवंदन कार्ड 17 व 18 मार्च को एक विशेष अभियान के रूप में कार्य करते हुए बनाए जाएंगे, इस हेतु गठित टीमें वरिष्ठजनों के घर–घर पहुंचकर उनका वयवंदन कार्ड बनाएंगी। यहॉ उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजना वयवंदन योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के समस्त वरिष्ठजनों को 05 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा लाभ दिए जाने का प्रावधान हैं, इसके तहत शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप वरिष्ठजनों के वयवंदन कार्ड पूर्व में बनाए गए थे, वर्तमान में लगभग 1123 वयवंदन कार्ड बनाए जाने हैं।

स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों का रिव्यू – बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा की गई तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण की सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए समस्त जोन कमिश्नर व स्वास्थ्य अधिकारी अपने स्तर पर तैयारियों की लगातार समीक्षा करें तथा जहॉ कहीं भी कमी दिखें, उन पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए तैयारियों को चुस्त–दुरूस्त कराएं। उन्होने साफ–सफाई कार्यो पर लगातार कड़ी नजर रखने एवं व्यक्तिगत रूचि के साथ स्वच्छता कार्यो का संपादन कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

अतिक्रमण पर सतत नजर रखें – आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान निगम के सभी जोन कमिश्नरों, मैदानी अधिकारी कर्मचारियों व अतिक्रमण प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि निगम व शासकीय जमीनों, सार्वजनिक स्थानों, सड़क, फुटपाथ आदि पर अतिक्रमण व अवैध कब्जा न हो, इस हेतु सतर्क नजर रखें तथा जहॉ कहीं भी अवैध कब्जा व अतिक्रमण दिखे, उसे नियमानुसार हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूवा, उपायुक्त पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, अजीत तिग्गा, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, विनोद शांडिल्य, राकेश मसीह, तपन तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, गोयल सिंह विमल, लीलाम्बर यादव आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।